E-mail: registrar@csjmu.ac.in
registrarcsjmuknp@gmail.com

☏: 0512-2246609
☏: 0512-2582251

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University Kanpur-208024)

Ref. No. CSJMU/ R.Camp / 728 /2024 Dated : 14.06.2024

कार्यालय–आदेश

मा0 कुलाधिपति महोदया एवं शासनादेश संख्या 848/सत्तर–3–2024 दिनांक 22.04.2024 द्वारा प्रवेश के सभी शिक्षण संस्थानों में SAMARTH Portal क्रियान्वित किये जाने के निर्देश दिये गये है । उक्त के अनुपालन में सत्र 2024–25 के प्रवेश हेतु पूर्व संचालित WRN Generation/ पंजीकरण की व्यवस्था दिनांक 14.06.2024 से SAMARTH Portal के माध्यम से छात्र/छात्राओं द्वारा सम्पन्न की जायेगी। इस हेतु छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.csjmu.ac.in के होम पेज पर बने लिंक "Apply for admission" द्वारा पंजीकरण की कार्यवाही सम्पन्न की जानी है।

उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में सूचित किया जाता है कि :–

1. ऐसे छात्र/छात्रायें जो विश्वविद्यालय के Admission Portal से पूर्व में सत्र 2024–25 में प्रवेश हेतु शुल्क जमा कर WRN/पंजीकरण संख्या जेनेरेट कर चुके हैं, उन्हें दुबारा SAMARTH Portal से WRN/पंजीकरण संख्या जेनेरेट करने की आवश्यकता नहीं है।
2. ऐसे छात्र/छात्रायें जिन्होंने पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क रू0 300/– जमा कर दिया है किन्तु Portal पर विवरणों की पूर्ति किया जाना अवशेष है, ऐसे छात्र/छात्राओं हेतु Admission Portal पर उनके Login credential दिये गये है जिसके द्वारा वे अपने अवशेष विवरणों को पूरित कर सकते हैं । उन्हें SAMARTH Portal के माध्यम से दुबारा पंजीकरण करने की आवश्यकता नही है।
3. ऐसे छात्र/छात्रायें जिन्होंने पूर्व में Admission Portal पर केवल पंजीकरण (Registration) किया है एवं शुल्क जमा नहीं किया है, उनकी पूर्व जनित पंजीरण संख्या को निरस्त कर दिया गया है। ऐसे छात्र/छात्राओं को अपना पंजीकरण फिर से SAMARTH Portal पर करना होगा।
4. वे छात्र/छात्रायें जिन्होंने अभी तक प्रवेश पंजीकरण नही किया है उन्हें अब केवल SAMARTH Portal के माध्यम से ही पंजीकरण संख्या जेनेरेट करनी है।
5. **सत्र 2024–25 में नव प्रवेशित एवं पूर्व से अध्ययनरत् सभी कक्षाओं के छात्र/छात्राओं का परीक्षा शुल्क SAMARTH Portal के माध्यम से स्वंय छात्र/छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय को किया जायेगा।**

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार अवगत होते हुये छात्र/छात्राओं को भी WRN/पंजीकरण जेनेरेट करने की परिवर्तित व्यवस्था सूचित करने का कष्ट करें ।

भवदीय,

(डॉ0 अनिल कुमार यादव)
कुलसचिव

<u>प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।</u>

1. निजी सचिव कुलपति, मा. कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहा., कुलसचिव/वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक ।
3. पी0एम0यू0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि इस पत्र को आज ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट के होमपेज पर तथा सम्बद्ध सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक विभागों के कालेज लागइन पर प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव